हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

11 शिवमय हुआ शहर, बोल बम के गूंज रहे जयकारे



12 लगातार दूसरे साल घटी बहादुरगढ़ की स्वच्छता...



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सप्लाई के मामले में एक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सप्लाई के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। सीआईए प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही सोनू की टीम ने चार जुलाई को गुड़गांव के निवासी हिमांशु को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ की तो सामने आया कि उसने यह हथियार एक अन्य युवक से खरीदा था। मामले में कार्रवाई करते हुए उस युवक को भी अब काबू कर लिया गया है। उसकी पहचान आशीष निवासी गुरुग्राम के रूप में हुई है।

### बाइक और स्कूटी चोरी पुलिस को शिकाययत

**बहादुरगढ़।** इलाके में दोपहिया वाहनों की चोरी नहीं थम रही। अब दो और लोगों ने पुलिस को शिकायत दी है। विवेकानंद नगर के निवासी रामकृष्ण ने कहा है कि 15 जुलाई की रात को उसने मकान के बाहर स्कूटी खड़ी की थी। अगली सुबह नहीं मिली। इस शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं, नूना माजरा के निवासी सुरेंद्र ने भी सदर थाने में बाइक चोरी की शिकायत दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मृतक की पहचान करीब 25 वर्षीय नीरज पटेल के रूप में हुई है। नीरज मूल रूप से मध्य प्रदेश का रहने वाला था। शुक्रवार की सुबह यहां सांखोल में शमशान घाट के पास रेलवे लाइन पर उसका शव मिला। वह किसी ट्रेन की चपेट में आया था। सूचना पाकर जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच अधिकारी प्रदीप कुमार का कहना है कि हादसे में युवक की मौत हुई है। उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। मप्र से परिजन यहां आएंगे।

### बिजली की शिकायतों की सुनवाई आज होगी

**झज्जर।** शुक्रवार को बिजली उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के जल्द समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा कार्यकारी अभियंता कार्यालय में सुबह 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन किया जाएगा। फोरम का आयोजन बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी। सिटी सब डिविजन, सब अर्बन डिविजन, सब डिविजन माछरौली, सब डिविजन बादली के उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना जाएगा। उपभोक्ता उपमंडल अभियंता के फैसले से संतुष्ट नहीं, तो चेयरमैन एवं कार्यकारी अभियंता के समक्ष अपनी बात रख सकता है।

# क्षमता से अधिक बच्चे बैठे मिले, 14 स्कूल वाहनों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिले में रोड रूल लाइफ टूल्स अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सीजेएम विशाल द्वारा वीरवार सुबह सात बजे से साढ़े आठ बजे तक स्कूल बसों की चेकिंग की गई। उन्होंने चेकिंग के दौरान स्कूली बच्चों से बातचीत की और उनसे पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं है। उन्होंने बच्चों से रोड रूल बारे में भी बात की। सीजेएम विशाल ने बताया कि वीरवार को इस अभियान के अंतर्गत रोड रूल तोड़ने वालों को एक पौधा व चेतावनी देकर छोड़ा गया।



**रूल तोड़ने वालों को एक पौधा और चेतावनी देकर छोड़ा**

**झज्जर।** स्कूल बसों की चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश देते हुए सीजेएम विशाल।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का अभियान

### स्कूल बसों में मिली खामियां, दी हिदायतें

इस अभियान में स्कूल बसों को जांचा गया जिसमें खामियां पाई गई हैं उन बसों का चालान किया गया है। जिनमें स्कूल वैन भी शामिल है। चेकिंग में पाया गया स्कूल वैन में हद से ज्यादा बच्चे बिठाए गए थे, जिसके चलते 14 वैन एवं बसों के चालान काटे गए तथा उन्हें हिदायत दी गई कि भविष्य में अगर खामियां पाई गई या क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाए गए तो न केवल उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी बल्कि स्कूल मालिकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाएगी। सीजेएम ने कहा कि इस प्रकार की चेकिंग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से समय-समय पर की जाएगी।

**यह रहे मौजूद:** इस अभियान में यातायात पुलिस से ईएसआई दिलबाग, सुनील, पुलिस थाना शहर से एचसी वीरेंद्र, होमगार्ड उमेद सिंह, पैरा लीगल वॉलिंटियर कर्मजीत छिल्लर, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से संदीप जांगड़ा आदि शामिल रहे।

### नप अधिकारियों के आदेशों की अनदेखी कर घटिया निर्माण कर रही एजेंसी

# डिवाइडर के सौंदर्यकरण में खामियां मिलने पर एजेंसी को दिया नोटिस

करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे सौंदर्यकरण में गुणवत्ता की अनदेखी हो रही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के बीचोंबीच मेट्रो कॉरिडोर के नीचे स्थित डिवाइडर को हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए नगर परिषद ने टेंडर जारी किया था। लेकिन करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से हो रहे सौंदर्यकरण में गुणवत्ता की अनदेखी हो रही है। जंग खाई ग्रिल लगाई जा रही हैं, मिट्टी में बिना पर्याप्त खाद मिलाए पौधे लगाए जा रहे हैं। ऐसे में नगर परिषद के अधिकारियों ने एजेंसी को तमाम खामियां लिखित में गिनाते हुए कार्यशैली सुधारने के लिए नोटिस जारी किया है।

### मेट्रो लाइन के नीचे हो रहा सौंदर्यकरण

बता दें कि बहादुरगढ़ नगर परिषद द्वारा शहर को सुंदर बनाने के लिए मेट्रो लाइन के नीचे बने डिवाइडर का सौंदर्यकरण करवाया जा रहा है। इसके तहत डिवाइडर पर ग्रिल के साथ ही पौधे लगाए जा रहे हैं और उसे हरा-भरा बनाया जा रहा है। डिवाइडर पर कुछ स्थानों पर सेल्फी प्वॉइंट भी बनाए जाएंगे। साथ ही कई स्थानों पर ऐतिहासिक स्मारकों के मिनिएचर बनाए जाने की योजना है। महाराजा डेकोरेटिव लाइट लगाने के साथ ही मेन रोड को तिरंगा लाइटों से जगमग किया जाएगा। नगर परिषद द्वारा इस पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।



**बहादुरगढ़।** डिवाइडर पर ग्रिल के साथ ही लगाए जा रहे पौधे।। फोटो :हरिभूमि

### डिवाइडर पर लगाई जा रही ग्रिल बुरी तरह जंग खाई हुई: जेई नीरज

जेई नीरज के अनुसार डिवाइडर पर लगाई जा रही ग्रिल बुरी तरह जंग खाई हुई हैं। डिवाइडर पर अच्छी तरह से वर्मी कंपोस्ट मिट्टी में मिलाए बगैर ही पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा डीएमआरसी का रेन वाटर पाइप भी खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मौके पर 'कार्य प्रगति पर है' दर्शाते हुए कोई साइन बोर्ड भी नहीं लगाया गया तथा सुरक्षा के अन्य उपायों की भी अनदेखी की जा रही है। नगर परिषद के पालिका अभियंता ने 13 जून को भी इन खामियों का उल्लेख करते हुए एजेंसी को लिखित नोटिस जारी किया था। एक बार फिर एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए एमई राजेश कौशिक ने बताया कि इस काम की रफ्तार भी बेहद धीमी है। ऐसा नहीं लगता कि यह काम 27 अगस्त की निर्धारित समयावधि तक पूरा हो सकता है। पालिका अभियंता ने इस कार्य की समयावधि विस्तार की संभावना को भी खारिज किया है। कई बार मौखिक व लिखित रूप से खामियां बताने के बाद भी एजेंसी की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होने पर तकनीकी अधिकारियों ने चिंता एवं निराशा जाहिर की है। काम की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### घटिया क्वालिटी का काम किया जा रहा

दरअसल, ब्यूटीफिकेशन का सेंट्रल मेडियन विद ग्रीनरी एंड रोप लाइट ऑन एक्जिस्टिंग स्ट्रीट लाइट पोल्स ऑन दिल्ली-रोहतक रोड नामक कार्य मैसेर्ज डीडीआर बिल्डटेक को 3 मार्च को अलॉट किया गया था। हालांकि एजेंसी द्वारा सुस्त रफ्तार से लगातार घटिया क्वालिटी का काम किया जा रहा है। इसे लेकर अधिकारियों ने कई बार मौखिक और लिखित तौर पर हिदायतें दी हैं। कनिष्ठ अभियंता नीरज द्वारा किए गए निरीक्षण में पाया गया कि रेलिंग ग्रिल सड़क के साथ सही से नहीं लगाई गई हैं। इन्हें तरीके से ग्राउट नहीं किया गया है। इन्हें बिना प्राइमर और बिटुमिन कोट के फाउंडेशन में खड़ा किया गया।



**झज्जर।** प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित होनहार खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अन्य।

# जिला स्तरीय मुक्केबाजी स्पर्धा में दिखाया दम

महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 120 से अधिक मुक्केबाजों ने अपना दम दिखाया। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले मुक्केबाजों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष सोमबीर अहलावत, सतपाल धौड़ व शर्मिला देशवाल ने किया।

प्रतियोगिता में सब जूनियर आयु और भार वर्गों में मुकाबले आयोजित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संदीप अहलावत, कीर्ति शर्मा, गोविंद, चुन्नीलाल, सतपाल, कालू आदि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पदक विजेता

कोच नवीन नेहरा ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के पुरुष वर्ग में 33 किलोग्राम भारवर्ग में आरव, 35 किलोग्राम भारवर्ग में विराट, 37 किलोग्राम भारवर्ग में वैभव, 40 किलोग्राम भारवर्ग में रौनक, 43 किलोग्राम भारवर्ग में मिलन, 46 किलोग्राम भारवर्ग में अंश मान, 49 किलोग्राम भारवर्ग में यश यादव, 52 किलोग्राम भारवर्ग में रॉकी, 55 किलोग्राम भारवर्ग में कृष, 58 किलोग्राम भारवर्ग में नमन सैनी, 61 किलोग्राम भारवर्ग में तनीश राठी, 64 किलोग्राम भारवर्ग में भावेश, 67 किलोग्राम भारवर्ग में कर्ण, 70 किलोग्राम भारवर्ग में रुद्र व 70 से अधिक किलोग्राम भारवर्ग में शिवांक दहिया शामिल रहे। इसी प्रकार लड़कियों के वर्ग में 33 किलोग्राम भारवर्ग में निकिता, 35 किलोग्राम भारवर्ग में सोनम, 37 में तन्वी, 40 में याशी यादव, 43 में ऋद्धि गुलिया, 46 में ललिता, 49 में प्राची, 52 में मोनिका, 55 में आयुषी, 58 में किंजल, 67 में सानवी मालिक व 70 से अधिक किलोग्राम भारवर्ग में एंजिल ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

# पद का दुरुपयोग करने पर सिवाना के सरपंच को डीसी ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ एसडीएम बेरी रेणुका को नियमित जांच अधिकारी नियुक्त किया

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेरी ब्लॉक के गांव सिवाना के सरपंच को निलंबित कर दिया है।

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी बेरी की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। निलंबन आदेशों के अनुसार सरपंच पर पंचायती भूमि से अवैध तरीके से पेड़ काटने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप है। इस मामले में उपायुक्त द्वारा जांच के आदेश भी दिए गए हैं व एसडीएम बेरी रेणुका नांदल को नियमित जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेशों के अनुसार पद से निलंबित सरपंच ग्राम पंचायत की किसी भी कार्यवाही में भाग नहीं ले सकता व पंचायत की चल-अचल संपत्ति जो भी निलंबित सरपंच के नियंत्रण में है उसे हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार तुरंत प्रभाव से बहुमत रखने वाले पंच को सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

# अनियंत्रित होकर पलटे ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली में केएमपी पर दर्दनाक हादसा हो गया। यहां वीरवार की सुबह पपीते से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान दो राहगीर युवक ट्रक की चपेट में आ गए। एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है।

हादसे में चालक को भी चोट आई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। घटना वीरवार की सुबह की है। दरअसल, केएमपी से एक फलों से भरा ट्रक गुजर रहा था। बादली के पास अचानक वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेतों की तरफ जा पलटा। इसी दौरान वहां सड़क से गुजर रहे दो युवक ट्रक की चपेट में आ गया। इस दौरान इनमें से एक युवक सूरज निवासी अलीगढ़ यूपी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे घायल युवक सुशील को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवाया गया। इसके बाद पुलिस ने घायल के बयान लेकर आगामी कार्रवाई शुरू की।

बताते हैं कि किसी गाड़ी द्वारा साइड लगने के कारण ट्रक अनियंत्रित हुआ है। ट्रक चालक को भी चोट लगने की बात सामने आई है लेकिन वह कहां है, इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम हो पाएगा।



**बहादुरगढ़।** सड़क किनारे खेत में पलटा ट्रक।

# अवैध कॉलोनी में चला पीला पंजा

■ 2.5 एकड़ क्षेत्रफल में पनप रही अनधिकृत कॉलोनियों में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरिभूमि इंपैक्ट

दैनिक हरिभूमि के मंगलवार 15 जुलाई के अंक में समाचार प्रकाशित होते ही जिला नगर योजनाकार की टीम ने वीरवार को कसार गांव के निकट पनप रही अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान एक डीपीसी के अलावा रोड नेटवर्क ध्वस्त कर दिए गए। जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने लोगों से बिना अनुमति निर्माण नहीं करने और अवैध कॉलोनियों में निवेश से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। वीरवार को डीटीपी की जेसीबी गांव कसार के रकबे में लगभग 2.5 एकड़ क्षेत्रफल में पनप रही अनधिकृत कॉलोनियों में तोड़फोड़ करने पहुंची। यहां एक डीपीसी, सीवरेज और पानी की पाइप लाइन, मिट्टी की सड़क समेत कच्चे नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया। डीटीपी ने लोगों से अपील की है कि नियंत्रित व शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें। नगर और ग्राम आयोजना विभाग से लाइसेंस लेने के बाद ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें। अन्यथा सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि अवैध प्लॉटिंग पर सरकार की सख्ती सराहनीय कदम है। आम लोग भी अवैध कॉलोनी में प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर कोई प्लाट न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें।



**बहादुरगढ़।** कसार के निकट अवैध कॉलोनी में चलती डीटीपी की जेसीबी।

### कॉलेजों में एडमिशन का अंतिम दौर चल रहा

# बीबीए-बीसीए छोड़कर अन्य संकायों में सीटें रिक्त

■ बीए प्रथम वर्ष की 240 सीटों में से अब तक 144 सीटों पर छात्रों का दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इन दिनों क्षेत्र के कॉलेजों में एडमिशन की मारा-मारी का अंतिम दौर चल रहा है। कॉलेजों में बीबीए और बीसीए को छोड़कर अन्य संकायों में सीटें रिक्त हैं। विलंब शुल्क के साथ एडमिशन की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्रिंसिपल डॉ. राजेश कुमार की देखरेख में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है।

## विलंब शुल्क के साथ एडमिशन की अंतिम तिथि 30 जुलाई



**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय छारा में एडमिशन लेने पहुंचे विद्यार्थी।

### अब तक बीसीए में 56 एडमिशन

नोडल अधिकारी कमल कुमार रंगा के अनुसार कॉलेज में अब तक बीसीए में 56 एडमिशन हुए हैं और एससी की 4 सीटें शेष बची हैं। वहीं बीबीए में 35 एडमिशन हो चुके हैं और केवल एससी की 5 सीटें बची हैं। जबकि बीए में 210 एडमिशन हुए हैं। बीए इवनिंग में 55 एडमिशन हुए हैं। बीकॉम में 48 एडमिशन हुए हैं और 134 सीट रिक्त हैं। लाइफ साइंस में 30 और बीएससी फिजिकल साइंस में 20 एडमिशन हुए हैं।

### प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में प्रवेश जारी

एडमिशन के नोडल अधिकारी देवेंद्र ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष की 240 सीटों में से अब तक 144 सीटों पर छात्रों का दाखिला हो चुका है। बीकॉम प्रथम वर्ष की 60 सीटों में से 20 सीटें भरी जा चुकी हैं। विज्ञान संकाय में बीएससी लाइफ साइंस में कुल 66 सीटें और बीएससी फिजिकल साइंस में 55 सीटें अभी भी उपलब्ध हैं। कॉलेज में प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में भी प्रवेश प्रक्रिया जारी है, जिसकी अंतिम तिथि भी 30 जुलाई है। डॉ. अनीता दलाल ने विद्यार्थियों व अभिभावकों से आग्रह किया कि वे समय रहते एडमिशन प्रक्रिया पूरी कर लें।

## खबर संक्षेप

### सतबीर हत्याकांड में महिला गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला निवासी सतबीर की हत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला गिरफ्तार कर जेल भेजी है। यह आरोपी महिला हत्यारोपियों की मां है। इस पर हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है। सतबीर को मौत के घाट उतारने वाले मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार करने की बात पुलिस द्वारा कही जा रही है। दरअसल, गत 29 जून की सुबह परनाला में किरयाणा दुकान संचालक सतबीर की गोलियां और चाकू मारकर हत्या की गई थी। गांव के ही कुछ युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया। मामले में सामने आया कि सतबीर के बेटे ने कुछ समय पहले गांव की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। इसी वजह से दोनों परिवार में रंजिश थी। रंजिशन लड़की के भाइयों ने अपने साथियों संग मिलकर वारदात को अंजाम दिया। अब इस केस में पुलिस ने मुख्य हत्यारोपियों की मां को गिरफ्तार किया है। महिला पर साजिश में शामिल होने का आरोप है। इससे पहले भी इस केस में मुख्य आरोपियों का एक दोस्त व मामा गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। सतबीर को गोलियां और चाकू मारने वाले मुख्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

### कई जगहों पर हुआ कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन

# शिवमय हुआ शहर, बोल बम के गूंज रहे जयकारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शिवरात्रि के नजदीक आते ही शहर में धार्मिक माहौल हो गया है। जहां शिवभक्तों की टोली भगवान भोले के जलाभिषेक के लिए हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करती दिखाई देने लगी है वहीं श्रद्धालुओं द्वारा भी कांवड़ियों की सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही। शहर में विभिन्न जगहों पर हुई कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन इन दिनों में किया जा रहा है। सांपला बाईपास पर फ्लाईओवर से पहले जहां शिव कावड़ संघ रामपुरा-जौंधी द्वारा सुरेंद्र ठेकेदार के नेतृत्व में कांवड़ सेवा शिविर बुधवार से ही शुरू हो चुका है, वहीं स्थानीय गुर्जर धर्मशाला में वीरवार की सुबह हवन कार्यक्रम के साथ कांवड़ सेवा शिविर की शुरूआत की गई। शिव गणेश कांवड़ सेवा शिविर समिति सदस्य अनिल सैनी, बिंदू, अनुज भटनागर ने बताया कि उनकी समिति द्वारा गुर्जर धर्मशाला में पिछले करीब तीन दशकों से कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि बुधवार की रात करीब बारह बजे कुछ शिव भक्त कांवड़िए राजस्थान के सीकर, माधोपुर व झुंझनु से आकर रुके। इनमें से करीब छह कांवड़िए गंगोत्री से लाए गंगाजल के साथ अपनी यात्रा तय कर रहे हैं। इसके अलावा भगवान महादेव कांवड़ सेवा शिविर के प्रधान दिनेश छिक्कारा ने बताया कि उनके द्वारा पिछले कई वर्षों से सांपला रोड स्थित बिटोडिया मंदिर परिसर में कांवड़ शिविर का आयोजन किया जाता है। वैसे तो उनके द्वारा शिविर की शुरूआत शुक्रवार से की जाएगी लेकिन इससे पहले भी मंदिर में बने बड़े हॉल कमरे कांवड़िए ठहर चुके हैं। इसी प्रकार सब्जी मंडी ग्रुप द्वारा भी शुक्रवार से सांपला रोड पर चौहान पैलेस में कांवड़ शिविर की शुरूआत की जाएगी।



झज्जर। शिविर के शुभारंभ के दौरान हवन करवाते हुए समिति सदस्य।



झज्जर। शिव महापुराण कथा का श्रवण करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### भगवान शिव की पूजा करने से जीवन में कष्टों से मिलती है मुक्ति : कौशिक

**झज्जर।** भगवान शिव ने ब्रहमा, विष्णु और पार्वती माता को ब्रह्म ज्ञान दिया और कहा कि जो भी व्यक्ति ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप करेगा वह समस्त कष्टों से मुक्त हो जाएगा। यह बात सावन मास के उपलक्ष्य में बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में आयोजित सातवें दिन कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने शिव महापुराण में उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिव पुराण की कथा मन को सुंदर बनाती है। अपने जीवन को सुखमय, सुंदर व उत्तम बनाने के लिए भगवान शिव की दी शिक्षाओं पर चलना एवं मर्यादाओं का पालन करना चाहिए। भोले बाबा की महिमा अपरंपार है। सत्य ही शिव है, शिव ही सत्य है। कथा व्यास ने कहा कि व्यक्ति को प्रतिदिन थोड़ा समय निकालकर शिव नाम का सुमिरन अवश्य करना चाहिए। कथा के दौरान संगीता वर्मा, आशा ग्रोवर, इंदू भूगड़ा, उमा गुलाटी ने हर सांस में हो सुमरिन तेरा, यू बीत जाएं जीवन मेरा, तेरी पूजा करते बीते सांझ, सवेरा...किरण अरोड़ा, इंदू भूगड़ा ने महादेवा ओ महादेवा सारी उम्र करू मैं तेरी सेवा..मधुर भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर नारायणी सरदाना, हर्ष चावला, किरण अरोड़ा, आंचल सेठी, पुष्पा मेहता, संतोष अरोड़ा, उषा काठपालिया, सृष्टि, यशिका रंजन सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शिविर में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ जरुरतमंद विद्यार्थियों व अभिभावकों में उनकी बीमारी से संबंधित दवाओं का वितरण की

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदानी में वीरवार को आयुष विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विनीता वर्मा, फार्मासिस्ट पूजा, योग सहायक नरेंद्र, प्रदीप व ऋषि ने सेवाएं दीं। उन्होंने शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों व उनके साथ पहुंचे अभिभावकों की स्वास्थ्य जांच की। जरुरतमंद विद्यार्थियों व अभिभावकों में उनकी बीमारी से संबंधित दवाओं का भी वितरण किया गया। शिविर में डॉक्टर विनीता वर्मा ने विद्यार्थियों को आयुष पद्धति बारे जानकारी देते हुए कहा कि यह प्राकृतिक और समग्र स्वास्थ्य के देखभाल की प्रणाली है जो शरीर को स्वस्थ बनाए रखने व रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि आयुष पद्धति से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायता मिलती है।



झज्जर। स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित चिकित्सक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# एनीमिया मुक्त अभियान में बांटी आयरन की टेबलेट



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित चिकित्सकीय टीम, विद्यार्थी एवं शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय नागरिक अस्पताल की आरबीएसके टीम द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत वीरवार को शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों की रक्तजांच की। टीम सदस्य डॉक्टर रोबिन अहलावत ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों की जांच करने उपरांत जिन विद्यार्थियों में खून की कमी पाई गई उनमें आयरन टेबलेट वितरित की गई। इसके अलावा विद्यार्थियों की दांतों की जांच भी की गई। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट सोमबीर व एएनएम पूनम ने भी सेवाएं दीं। डॉक्टर रोबिन अहलावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जुलाई माह को एनीमिया माह के रूप में मनाते हुए अभियान चला कर जहां लोगों की रक्त जांच की जा रही है वहीं गांव व शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रमों का आयोजन विद्यार्थियों में आयरन सिरप व टेबलेट का वितरण किया जा रहा है।

### डीसी ने बिरहड़ गांव में ट्रैक्टर पर सवार होकर खेतों में जल निकासी की व्यवस्था का लिया जायजा

**झज्जर।** वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने गांव अकेहडी मदनपुर, लडायन, हमायुपुर, बिरहड़ और जमालपुर गांवो का दौरा कर बरसाती पानी निकासी का जायजा लिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रबंधन के लिए सभी अधिकारी गंभीरता से काम करें और किसी भी सूरत में पानी जमा नहीं हो, इसके लिए पंप सेट को दुरूस्त रखें। इस दौरान डीसी जब गांव बिरहड़ में आबादी क्षेत्र में पानी निकासी का जायजा ले रहे थे तो एकाएक किसानों ने खेतों में मौका निरीक्षण का अनुरोध किया। जिसके चलते डीसी ट्रैक्टर पर सवार हुए और खेतों के साथ-साथ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के पंप हाऊस का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायतीराज अधिकारियों को खेत खलिहान योजना के अंतर्गत रास्ते को पक्का करने के निर्देश दिए।



झज्जर। ट्रैक्टर पर बैठकर जल निकासी का जायजा लेने जाते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि

### डीसी ने चिन्हित अपराधों की जांच और पैरवी मजबूती से करने के दिए निर्देश




झज्जर। बैठक के दौरान दिशा-निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो :हरिभूमि

■ कई मामलों में साक्ष्यों की कमी और कमजोर पैरवी के कारण अपराधी बच निकलते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

चिन्हित अपराधों की जांच गहनता से की जाए, कोर्ट में उनकी प्रभावी पैरवी सुनिश्चित हो, ताकि दोषियों को सजा मिले और पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने चिन्हित अपराध योजना की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में साक्ष्यों की कमी और कमजोर पैरवी के कारण अपराधी बच निकलते हैं, इसलिए प्रारंभिक स्तर पर ही केस को कानूनी और तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जाए। बैठक में पुलिस विभाग ने चिन्हित अपराधों से जुड़े मामलों की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए जांच और अभियोजन प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए।

# छात्रों को किया यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक

■ एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को यातायात नियमों पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में दसवीं से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने व नशे से दूर रहने बारे जागरुक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों संबंधी एक डिजिटल बुक भी प्रदान की। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, मुकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ट्रैफिक पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

# वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ जल्द से जल्द बहादुरगढ़ को जिला बनाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एडवोकेट विक्रम सिंह छिल्लर ने बहादुरगढ़ को जिला बनाने के लिए वीरवार को बार एसोसिएशन में हस्ताक्षर अभियान चलाया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। विक्रम छिल्लर ने बताया कि बहादुरगढ़ प्रदेश का बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। सरकार को यहां से प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है। लेकिन जनता को उसके अनुपात में सुविधाएं नहीं मिलती। स्थानीय लोगों को अपने कार्य के लिए झज्जर जाना पड़ता है। देश की राजधानी से सटे एनसीआर के शहरों में एकमात्र बहादुरगढ़ ही जिले के दर्जे से वंचित है। उन्होंने एसडीएम नायब सैनी के माध्यम से सीएम नायब सैनी को ज्ञापन भेजकर जल्द से जल्द बहादुरगढ़ को जिला बनाने की मांग की है। इस अवसर पर एडवोकेट संदीप गुलिया, अशोक अहलावत, सुमित देशवाल, संजय कुमार, कार्तिक कुमार, अमित कुमार, अजीत कुमार, नवीन रोहद, रविंद्र अहलावत, पंडित रंजीत आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। एसडीएम नसीब सिंह को ज्ञापन सौंपते विक्रम छिल्लर व अन्य।



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून का अभिनंदन करते बराही के ग्रामीण।

### विधायक ने बराही मंदिर में दिए एक लाख एक हजार

**बहादुरगढ़।** वीरवार को शहर की शिव टर्बो ट्रक यूनियन में भंडारे का आयोजन किया गया। जबकि गांव बराही के शिव मंदिर में बाबा देवतानंद आश्रम में कलश यात्रा व मूर्ति स्थापना के उपरांत विशाल भंडारा हुआ। इसमें विधायक राजेश जून ने अपनी तरफ से एक लाख एक हजार रुपये की राशि दानस्वरूप भेंट की। बराही के शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे विधायक राजेश जून का आयोजों व ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। साथ ही पगड़ी बांधकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। शिव मंदिर बाबा देवतानंद आश्रम में मूर्ति स्थापना के लिए विधायक राजेश जून ने सभी ग्रामीणों को बधाई दी। साथ ही अपनी नेक कमाई से आश्रम में एक लाख एक हजार रुपये की धनराशि दान स्वरूप भेंट की। इसके अलावा विधायक राजेश जून ने शहर के बादली रोड स्थित दी शिव टर्बो ट्रक यूनियन द्वारा आयोजित 15वें विशाल भंडारे में शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में निशुल्क नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया। जिसका शुभारंभ विधायक राजेश जून ने रिबन काटकर किया। उन्होंने यूनियन में भी 11 हजार रुपये सहयोग स्वरूप भेंट किए।

### जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए मिशन मोड में करें कार्य

**झज्जर।** वीरवार आयोजित जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की समीक्षा बैठक डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति का आधार होता है। जिला प्रशासन का दायित्व बनता है कि समाज की मुख्यधारा से भटक कर नशा के एडिक्ट हुए युवाओं को फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल करें। इसके लिए सभी विभागों को मिशन मोड में कार्य करना होगा। जिले में मेडिकल स्टोर संचालकों को डॉक्टर की पर्ची के बिना किसी प्रकार दवाई ना दी जाए जिसे डॉक्टर के परामर्श के बगैर नहीं दिया जा सकता। स्वास्थ्य एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को विशेष तौर पर केमिस्ट दुकानों की निगरानी करने व नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### अवैध हथियार उपलब्ध कराने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला झज्जर के गांव पाटोदा निवासी तरुण के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।


**सूचना**

मैं, विजय (Vijay) पुत्र श्री सुल्तान (Sh. Sultan) निवासी गांव कुलासी, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा घोषणा करता हूं कि मेरा पुराना नाम विजेंद्र सिंह (Vijendra Singh) है और मैंने अपना नाम बदलकर विजय (Vijay) कर लिया है। विजेंद्र सिंह (Vijendra Singh) और विजय (Vijay) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। मुझे भविष्य में मेरे नए नाम विजय (Vijay) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं, रामकिशन पुत्र तेजपाल निवासी गांव नंगला तहसील बादली, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मंजीत मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं अपने पुत्र मंजीत को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी न होगी।

**सूचना**

मैं, टेकराम पुत्र श्री अभे राम निवासी मकान नंबर-553ए/14, जेलदार वाली गली, जटवाड़ा मौहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र देवेंद्र उर्फ सोनू तथा पुत्रवधु साक्षी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। देवेंद्र उर्फ सोनू और उसकी पत्नी साक्षी अपने हर कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति भगवानो (पत्नी), योगेंद्र सैनी (पुत्र), उमेद सैनी (पुत्र), कांता (पुत्री) व कमला उर्फ सुमन (पुत्री) स्व. भूप सिंह सैनी निवासी जटवाड़ा मौहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3BM6H7T7 Ward No. 16/472 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 93 से 200 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0186446283 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3BM6H7T7 वार्ड नंबर-16/472 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह सम्पति नंबर 3BM6H7T7/ 200 वर्ग गज प्रार्थी भगवानी (पत्नी), योगेंद्र सैनी (पुत्र), उमेद सैनी (पुत्र), कांता (पुत्री) व कमला उर्फ सुमन (पुत्री) स्व. भूप सिंह सैनी के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेबारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़।


### प्रोटक्शन अधिकारी करमिंद्र कौर ने स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक ली

# बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में दी जानकारी

■ 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना गैर-जमानती अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार प्रोटेक्शन अधिकारी करमिंद्र कौर ने नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत दिए गए प्रावधान की जानकारी दी। अस्पताल के ट्रेनिंग हाल में प्रोटक्शन अधिकारी करमिंद्र कौर ने स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक लेते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना गैर-जमानती अपराध है। ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है तो उसे दो साल तक की कड़ी सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। बाल विवाहित बच्चा बालिग होने के दो साल के अंदर अपने विवाह को खारिज करवा सकता है। उन्होंने कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसी को मानसिक और शारीरिक प्रताड़ित करता है। जैसे घूर कर देखना, बार-बार अपने रूम में बुलाना या कोई अभद्र व्यवहार और टिप्पणी करता है, तो हर कार्य स्थल कर एक कमेटी होती हैं। उसमें अपनी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। वहीं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेश दहिया ने घरेलू हिंसा विषय पर बताया कि किसी महिला कर्मचारी को कोई मानसिक रूप से परेशान करता है तो वह कमेटी में शिकायत कर सकती हैं। इस मौके पर डॉक्टर रितिका, डॉक्टर विवेक, सुमन, कोमल, आईना, रितिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। ट्रेनिंग हाल में स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक लेते हुए प्रोटक्शन अधिकारी करमिंद्र कौर। फोटो :हरिभूमि


**SAT KABIR INSTITUTE OF TECH. AND MGMT/COLLEGE OF PHARMACY**
*Approved by AICTE/PCI*
**VPO- LADRAWAN, DISTT- JHAJJAR (HARYANA)**

Offer Admissions against TFW and EWS for Haryana Residence and General Cat. Seats only for session 2025-26.

| Sr. No. | Courses | EWS Seats | TFW Seats |
|---|---|---|---|
| 1 | B.Tech LEET CE and ME | 12 Each | 1 Each |
| 2 | B.Tech LEET CSE, ECE and EE | 06 Each | 00 |
| 3 | D. Pharmacy | 06 | 03 |

Note:-
1. Haryana General Cat. Having less than Rs.6 Lakh to 8 Lakh Per year income only eligible.
2. Required original Latest EWS and TFW Certificate issue by Tehsildar valid for session 2025-26

Apply immediately upto 30.07.2025 online Admission on merit and first come first serve basis. Visit along with Latest Income Certificate, EWS Certificate PPP id and Others Educational documents. Contact at-09991187052, webite-www.skitm.edu.in and email- satkabircollege@gmail.com

CHAIRMAN

## खबर संक्षेप



झज्जर। होनहार लक्ष्य के साथ विजय चिन्ह बनाते ग्रुप निदेशक जय विकास।

### सीएस रिजल्ट में लक्ष्य ने पाई सफलता

झज्जर। बुधवार को घोषित कंपनी सेक्रेटरी रिजल्ट में पेस संस्थान के लक्ष्य कोडान ने सफलता हासिल की है। पेस ग्रुप के डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि लक्ष्य ने 200 में से 163 अंक हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। उसने बिजनेस कम्युनिकेशन में 50 में से 43 अंक, कानूनी योग्यता 36 अंक, अर्थशास्त्र में 44 अंक और करंट अफेयर्स में 50 में से 40 अंक हासिल किए। लक्ष्य ने 12वीं के बाद पेस का क्रैश कोर्स बैच जॉइन किया और सीएस की तैयारी की। लक्ष्य ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व पेस की कॉमर्स फैकल्टी विशाल बंसल की मेहनत को दिया। उन्होंने होनहार छात्र को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सरल पोर्टल पर जल्द कराएं पंजीकरण

झज्जर। जिले में संचालित सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों को सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण नहीं कराने वाले स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, बाल संरक्षण आदि विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के लिए हर स्कूल का रजिस्ट्रेशन सरल पोर्टल पर होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी प्ले स्कूल संचालकों से सरल पोर्टल पर जाकर पंजीकरण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें और इस प्रक्रिया में अपने भवन की जानकारी, सुरक्षा व्यवस्था, बच्चों की संख्या आदि का पूरा विवरण उपलब्ध कराएं।

## पिछली बार 63 रैंकों की गिरावट से हुई थी किरकिरी और इस बार भी 23 रैंक फिसले

# लगातार दूसरे साल घटी बहादुरगढ़ की स्वच्छता रैंकिंग

**इस बार 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाले देश के 824 शहरों में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण की श्रेणी में बहादुरगढ़ 197वें नंबर पर रहा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

केंद्र सरकार द्वारा जारी स्वच्छता सर्वेक्षण के आंकड़ों में बहादुरगढ़ नगरपरिषद का रैंक लगातार दूसरे साल घटा है। इस बार 50 हजार से 3 लाख की आबादी वाले देश के 824 शहरों में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण की श्रेणी में बहादुरगढ़ 197वें नंबर पर रहा। जबकि पिछली बार यह रैंक 174वां और उससे पिछले साल 111वां था। हालांकि बहादुरगढ़ को वॉटर प्लस सर्टिफिकेशन मिला है और हरियाणा में अपनी श्रेणी में बहादुरगढ़ का 12वां रैंक रहा।

बता दें कि बहादुरगढ़ नगर परिषद वर्ष 2017 में 353वें, 2018 में 209वें, 2019 में 228वें, 2020 में 216वें, 2021 में 120वें, 2022 में 111वें और 2023 में 174वें रैंक पर रही थी। इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में बहादुरगढ़ नगर परिषद 197वें नंबर पर रही। सर्वेक्षण के आंकड़ों में बेशक बहादुरगढ़ की रैंकिंग में गिरावट आई है, लेकिन नप अधिकारियों का दावा है कि शहर में सफाई के हालात में सुधार हुआ है। दरअसल, बहादुरगढ़ में सफाई की वास्तविकता काफी गंदी है।

बीते एक दशक में शहर की सफाई का खर्च करीब दस गुणा बढ़ चुका है। हालांकि शहर की सफाई व्यवस्था में अपेक्षाकृत बदलाव नहीं हुआ है। दिनभर सड़कों पर धूल उड़ती रहती है। शौचालयों का प्रयोग करना भी कठिन है। शहर के 50 प्रतिशत घरों से कूड़ा नहीं उठता। हर दूसरे महीने सफाईकर्मियों की हड़ताल ने सफाई का बेड़ा गर्क कर दिया है।

दरअसल, इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में 3 हजार अंकों की बढ़ोतरी करते हुए 12 हजार 500 अंक तय किए गए थे। सर्वे के दौरान शहर में दृश्यमान स्वच्छता के लिए 1500 अंक, कचरे का पृथक्करण, संग्रहण और परिवहन के 1000 अंक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 1500 अंक, स्वच्छता तक पहुंच के 1000 अंक, उपयोग किए गए जल प्रबंधन के लिए 1000 अंक, डीसिलजिंग सेवाओं का मशीनीकरण करने के 500 अंक, स्वच्छता के लिए वकालात के 1500 अंक, परिस्थिति की तंत्र और संस्थागत मापदण्डों की मजबूती के 1000 अंक, सफाई मित्रों का समग्र कल्याण करने के 500 अंक, नागरिकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया और उनकी शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था के 500 अंक, गारबेज फ्री सिटी के 1300 तथा ओडीएफ सर्वे के 1200 अंक निर्धारित थे।



बहादुरगढ़। शहर के एमआईई पार्ट बी में लगे गंदगी के ढेर। फोटो: हरिभूमि

### अधिकांश घरों से कूड़ा कलेक्शन नहीं होता: रमन

पार्षद रमन यादव के अनुसार नगर परिषद सभी कॉलोनियों से यूजर चार्ज वसूल रही है, लेकिन अधिकांश घरों से कूड़ा कलेक्शन नहीं होता। रोजाना गोबर शहर की नालियों में बहाया जाता है। कूड़ा सड़कों पर फैंकने के साथ जला दिया जाता है।

### सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया: प्रवीण

नगर परिषद के सचिव प्रवीण छिकारा के अनुसार बहादुरगढ़ का मुकाबला इस बार देश की 824 निकायों के साथ था। जिसमें हमने सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता की दिशा में बेहतर काम किया जा रहा है।



झज्जर। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए रामअवतार उर्फ दीपक गहलावत। फोटो: हरिभूमि

## 56 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

झज्जर। वीरवार को एक पहल सबका सहयोग टीम द्वारा शहर के रोहतक रोड स्थित दीनबंधु चौधरी छोटूराम धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक एवं रेडक्रॉस की टीम ने सेवाएं दीं। टीम सदस्य रामअवतार उर्फ दीपक गहलावत ने बताया कि शिविर में कुल 56 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के शुभारंभ अवसर पर उप सिविल सर्जन व ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर राहुल जाखड़, बीटीओ डॉक्टर इंदिरा हसीजा और एबीटीओ डॉक्टर नीतू सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। डॉक्टर राहुल जाखड़ ने बताया कि अब स्थानीय ब्लड बैंक में रक्तदाताओं को होल ब्लड के साथ प्लाज्मा और पीआरबीसी भी आसानी से उपलब्ध होगा। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सिविल अस्पताल की टीम से डॉक्टर डॉक्टर रेखा, कॉउंसलर अशोक, नर्सिंग ऑफिसर ममता, एलटी प्रीति, एलटी प्रिंस, विजय व रेड क्रॉस टीम से हेल्थ एजुकेटर दीपक व तुलसा उपस्थित रहे।

## चोर की निशानदेही पर लैपटॉप व मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

चोरी के मामले में पुलिस जेल में बंद एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाई। इस दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया मोबाइल, लैपटॉप आदि बरामद किया है। आरोपी पर इससे पहले भी आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। सेक्टर-6 थाना प्रभारी दीपक ने अनुसार, सैनिक नगर के निवासी सुरजीत ने शिकायत दी थी कि 13 जून की रात को वह कमरे की कुंडी लगाए बिना सो गया। जब सुबह उठा तो लैपटॉप और मोबाइल फोन नहीं मिला। इस शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कार्रवाई करते हुए जेल में बंद एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की तो उसने वारदात का खुलासा किया। एसएचओ ने बताया कि आरोपी गौरव पर जानलेवा हमला करने सहित आधा दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। अदालत में पेश कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# शहरवासियों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

- हिसार में हुई युवक की मौत का मामला, पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी व एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हिसार में हुई वाल्मीकि समाज के युवक की मौत मामले में दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर वीरवार को वाल्मीकि समाज के प्रधान अभिषेक उर्फ गोलू वाल्मीकि की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन किया गया। वाल्मीकि समाज के अलावा शहर के प्रबुद्धजन स्थानीय टाउन पार्क में एकत्रित हुए। उसके बाद वे जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। यहां पहुंच कर उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। लघु सचिवाल परिसर में एकत्रित शहरवासियों ने प्रदेश सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी व एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। उन्होंने यह भी कि हिसार पुलिस प्रशासन की ओर से जो सीसीटीवी फुटेज जारी की गई है उस वीडियो को पूर्ण रूप से दिखाया जाए। इसके पश्चात उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर नगर पालिका सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम, केके हंस, विकास उज्जैनवाल, गौरव टांक, मोहन बोहत, आरके बिड़लान, राकेश उज्जैनवाल, डॉक्टर विजय टांक, रमेश फौजी, ब्रह्म प्रकाश, सूरजमल निनानिया, जयपाल, दिनेश, रोहित नैन, पवन सैनी, सूरज थराण, रोहित सैनी, आकाश पोपल, दिनेश राव, सचिन जोगी, आकाश बैरागी, सावन, सूरज, भारत, बादल, मास्टर अरुण बागड़ी, शिवा बोहत, दिनेश बोहत, अमिता, सुरेश, जितेंद्र टांक, राजू टांक, संकर कांगड़ा, एडवोकेट सावन, बादल कांगड़ा, धर्म सिंह आदि उपस्थित रहे।





झज्जर। प्रदर्शन के दौरान वाल्मीकि समाज के लोग एवं अन्य तथा प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए शहरवासी। फोटो: हरिभूमि

## कैंडल मार्च निकाल दिवंगत गणेश को दी श्रद्धांजलि



झज्जर। कैंडल मार्च के दौरान बीकानेर चौक से निकलते हुए वाल्मीकि समाज के लोग एवं अन्य।




झज्जर। अंबेडकर चौक पर मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते वाल्मीकि समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हिसार में हुई वाल्मीकि समाज के युवक की मौत मामले में वीरवार की देर शाम शहरवासियों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर दिवंगत गणेश को श्रद्धांजलि दी गई।

वाल्मीकि समाज के प्रधान अभिषेक उर्फ गोलू ने बताया कि उन्होंने कैंडल मार्च निकाल कर अंबेडकर चौक पर दो मिनट मौन धारण करते हुए दिवंगत गणेश की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उसे भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने युवक की मौत के दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की वहीं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का मुद्दा उठाया। इस मौके पर शिवम, विकास उज्जैनवाल, गौरव टांक, राकेश उज्जैनवाल, नीटू वाल्मीकि, डॉक्टर विजय टांक, सावन वाल्मीकि, सुषमा, मानसी, बाला, मनीषा, गीता देवी, रजनी, शीतल, मनीषा, ईशा, हर्षित, नोनी, सिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



बेरी। पौधरोपण अभियान के दौरान उपस्थित एसडीएम रेणुका नांदल एवं अन्य।

## एसडीएम ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बेरी। वीरवार को जन कल्याण फाउंडेशन बेरी द्वारा क्षेत्र में पौधारोपण अभियान की शुरुआत की जोकि आगामी 15 अगस्त तक क्षेत्र में पौधारोपण करेगी। इस दौरान एसडीएम रेणुका नांदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार तथा प्रशासन पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्य में सरकार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने घर-आंगन या सार्वजनिक जगह पर हर वर्ष पौधा लगाकर उसके बड़ा होने तक उसकी जिम्मेदारी उठाए। क्योंकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण का संरक्षित होना बहुत जरूरी है।



झज्जर। प्रशंसा प्रमाण पत्र लिए हुए मास्टर ट्रेनर और विभागीय अधिकारी।

## विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में योगदान दें शिक्षक: डीईओ

झज्जर। निपुण हरियाणा मिशन के तहत, शिक्षा विभाग के विभिन्न हितधारकों की मासिक जिलास्तरीय परियोजना कार्यान्वयन इकाई की बैठक राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक में निपुण मिशन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। जिसमें चालू सत्र के लिए पाठ्यपुस्तकों का स्थिति, मेंटर्स और मॉनिटर्स की विजिट, कक्षा तत्परता कार्यक्रम के परिणाम, शिक्षक प्रशिक्षण, अभिभावक-शिक्षक बैठक आदि शामिल रहे। जिला परियोजना समन्वयक रतिंदर सिंह ने स्कूलों में शिक्षार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण पर बल दिया और मेंटर्स से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ विनम्रता व प्रभावी ढंग से व्यवहार करने को कहा। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने सभी हितधारकों से विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया। बैठक के समापन पर शिक्षकों को प्रशिक्षण देने वाले सभी मास्टर ट्रेनर को अधिकारियों द्वारा प्रशंसा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अनियंत्रित कार डिवाइडकर कूदकर दूसरी कार से टकराई

- पशु सामने आने से हाइवे पर हुआ हादसा

बहादुरगढ़। नेशनल हाइवे पर बीती रात को हादसा हो गया। एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलटकर एक गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। घटना बुधवार रात करीब दस बजे की है। दिल्ली की ओर से एक बलेनो गाड़ी रोहतक की तरफ जा रही थी। जब गाड़ी बाईपास के झज्जर रोड फ्लाईओवर पर पहुंची अचानक कोई गोवंश सामने आ गया। इस वजह से गाड़ी अनियंत्रित हुई और डिवाइडर से जाकर पलट गई। पलटते हुए दूसरी दिशा में चल रही एक अन्य गाड़ी से टकरा गई। बलेनो गाड़ी में दो लोग सवार थे। उन्हें चोट आई। इस हादसे में दोनों गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। वीरवार दोपहर तक इस संबंध में पुलिस को शिकायत नहीं दी गई थी।

## माइनर में मिली लाश बनी अनसुलझी पहेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव खरहर से गुजर रही माइनर में मिली लाश की गुत्थी अनसुलझी पहेली बन गई है। हत्या की वजह सामने आ तो दूर, चार दिन बीत जाने के बाद शव की शिनाख्त भी नहीं हो सकी है। वीरवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद दाह संस्कार करवा दिया।

दरअसल, गांव खरहर से रेवाड़ी खेड़ा माइनर गुजर रही है। रविवार की सुबह इस माइनर में एक युवक मिला था। शव करीब चार से पांच दिन पुराना था। चोट के निशान तो स्पष्ट नहीं हो सके लेकिन गर्दन में परना बंधा हुआ था। इसलिए पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई। शव को पहचान के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया गया था। पुलिस ने कई चौकी, थानों में संपर्क किया। गांवों में भी सूचना जारी की लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद वीरवार को पुलिस ने चिकित्सकों के बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया और फिर दाह संस्कार के लिए एक संस्था को सौंप दिया। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। वह कौन है, कहां का है, किसने और किन कारणों से उसको मौत के घाट उतारा आदि सवाल बनकर रह गए हैं। हत्या की यह गुत्थी अनसुलझी पहेली बनी हुई है। बहादुरगढ़ में इस तरह के मामले पहले भी सामने आए हैं, जिनमें शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। ऐसे में देखने वाली बात है कि इस मामले में मृतक की शिनाख्त और हत्या के राज खुल पाते हैं या नहीं।

## तीन वर्षीय मासूम बच्ची को परिजनों से मिलवाया

बहादुरगढ़। बच्चों के गुमशुदा होने के मामले बढ़ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ पुलिस भी गुमशुदा बच्चों को तलाशकर उनके अभिभावकों के चेहरे पर मुस्कान लौटा रही है। बहादुरगढ़ की एमआईई पुलिस ने तीन वर्षीय मासूम बच्ची को उसके परिजनों से मिलवाया। बेटी सकुशल मिलने पर परिजनों ने भी पुलिस का धन्यवाद किया। एमआईई चौकी प्रभारी मोनिका सिंह ने बताया कि चौकी क्षेत्र में तीन वर्षीय मासूम बच्ची इधर उधर भटक रही थी। सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर जाकर बच्ची को संभाला और उसे चौकी में लेकर आए। उससे परिजनों के बारे में जानकारी जुटानी चाही लेकिन बेहद छोटी होने के कारण कुछ भी बताने में अस्मर्थ थी। बच्ची को विभिन्न स्थानों पर गए। काफी लोगों से संपर्क किया। प्रयासों के बाद बच्ची के परिजनों की जानकारी मिली। इसके बाद बच्ची परिजनों को सौंप दी गई। बच्ची मिलने पर परिजनों की भी जान में जान आई। एसआई मोनिका ने अभिभावकों से कहा है कि वे अपने बच्चों का ख्याल रखें।

# गंदगी में से गुजरने को मजबूर बच्चे-बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एक तरफ शहर की सरकार से लेकर प्रदेश की सरकार विकास और स्वच्छता को लेकर लंबे चौड़े दावे करते नहीं थकती तो दूसरी तरफ शहर के मुख्य रास्तों की स्थिति क्या है, आप स्वयं देखिए। शहर के धर्मपुरा को रोहतक रोड से जोड़ने वाली मेन गली में जमा गंदे पानी में से जैसे-तैसे निकल कर मासूम बच्चे स्कूल तक पहुंच रहे हैं।

आजकल बारिश पड़ रही है, तो कई स्कूलों में बच्चे इसी कारण नहीं पहुंच पा रहे है कि रास्तों में पानी भर जाता है। उदाहरण के तौर पर एचएनजी के सामने से धर्मपुरा के मेन रास्ते को लें तो यहां बरसात के अलावा सीवर का पानी जमा हो जाता है। बच्चे स्कूल जाने के लिए घर से निकलते हैं और यहां आकर ठिठक जाते हैं। कारण गंदे पानी में से गुजरकर जाना पड़ता है। बारिश होने पर स्थिति काफी खराब हो जाती है। पानी में होकर जाने से बच्चे परेशान हैं। स्थानीय निवासी केके मलिक, पप्पू दलाल, सोनू सैनी व नवीन मदान आदि ने बताया कि संबंधित विभागों के अधिकारियों से कई बार व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है, लेकिन दूषित जलभराव का स्थाई समाधान नहीं हो सका है।



बहादुरगढ़। धर्मपुरा से रोहतक रोड को जोड़ने वाली गली में भरा गंदा पानी।



बहादुरगढ़। लाइनपार की गली में भरा गंदा पानी दिखाते नागरिक। फोटो: हरिभूमि

## विकास नगर की गली में कई दिनों से भरा सीवर का गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के अन्य इलाकों की भांति लाइनपार के विकास नगर की गली नंबर-12 में कई दिनों से सीवर ब्लॉकेज के कारण जलभराव है। स्थानीय निवासी धर्मबीर सिंह, हवा सिंह, राज सिंह, श्री प्रकाश, जगबीर, दीपक चौहान, निरंजनदास, गंगा, सुनीता, मंजीत, सन्नी, गौतम, अंकित, सोनू, कृष्ण व दर्शन आदि के अनुसार अधिकारियों से लेकर नेताओं के समक्ष गुहार लगाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी भी मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से बात की।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF MAA KAAMAL FOUNDATION
DR. S.K. SAINI Director
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
फीस में 50% की विशेष छूट सभी के लिए सीमित समय के लिए
पहले आयें-पहले पायें। छात्रावास सुविधा। रविवार खुला है
DIPLOMA IN
G.N.M.
(MALE/FEMALE)
योग्यता :- 12th (किसी भी विषय में)
अवधि :- $3\frac{1}{2}$ वर्ष | कुल सीटें :- 60
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफ लाईन दोनों मोड में।
आजही अपने प्रमाण पत्रों के साथ आकर मिलें।
अतिशिघ्र आवश्यकता है:-
•G.N.M. -20
•MEDICAL LAB. TECH.-20
जो थ्योरी व प्रेक्टिकल दोनों करवा सके।
Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221